अलवर में अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह की धूम, 26 जोड़ों की शादी हुई

फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने और सादगी का संदेश देने के उद्देश्य से विवाह सम्मेलनों का आयोजन

अलवर, (निसं)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को अलवर शहर में विवाह की धूम रही। फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने और समाज को सादगी का संदेश देने के उद्देश्य से शहर भर में विभिन्न संस्थाओं की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जिसमें 26 जोड़ों ने नये जीवन यात्रा की शुरुआत की।

अबूझ सावे के रूप में प्रसिद्ध अक्षय तृतीया का दिन अलवर के लिए एक सामाजिक मिसाल बन गया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में आज सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया, जो न केवल परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं, बल्कि समाज में सादगी और फिजूलखर्ची को रोकने का एक बड़ा संदेश भी दे रहे हैं। शहर में तीन प्रमुख स्थानों पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया सेवा भारती मालवीय नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में सेवा भारती की ओर से 9 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया है।सतीश भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट रेलवे स्टेशन स्थित सार्वजनिक गोशाला में संस्था ने 6 जोड़ों के विवाह का बीड़ा उठाया। कश्यप समाज जयसमंद स्थित रेस्ट हाउस में कश्यप समाज की ओर से 11 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया।

अक्षय तृतीया पर अलवर शहर में सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन हुआ।

सामूहिक विवाह आयोजकों का मानना है कि वर्तमान समय में शादियों में होने वाली बेतहाशा फिजूलखर्ची मध्यम और निम्न वर्गीय परिवारों के लिए एक बोझ बन गई है। इन सम्मेलनों के माध्यम से न केवल परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ है, बल्कि समाज में एकजुटता की भावना भी प्रबल हुई है। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में कुरीतियों को मिटाने और गरीब कन्याओं के हाथ पीले करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

दिनभर शहर में बैंड-बाजों की गूंज और शहनाइयों की आवाज के बीच माहौल बेहद उत्साहजनक रहा। जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्ति इन कार्यक्रमों में पहुंचे। सामूहिक विवाह के दौरान सादगीपूर्ण तरीके से रस्में निभाई गई, जिसने समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत किया है। अलवर के लोगों ने इन संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया पर किया गया यह कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। प्रशासन और स्थानीय प्रबुद्धजनों ने भी सामूहिक विवाह की इस मुहिम को समाज के लिए बेहद जरूरी और सराहनीय कदम बताया है।

शाहपुरा खेल अकादमी निर्माण कार्य में भारी अनियमिततायें मिली

शाहपुरा, (निसं)। भीलवाड़ा के पास शाहपुरा क्षेत्र के माताजी का खेड़ा रोड स्थित निर्माणाधीन खेल अकादमी का शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने औचक निरीक्षण किया। यह खेल अकादमी राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज एवं अवसंरचना निगम लिमिटेड (रूडसिको) के माध्यम से ठेकेदार द्वारा निर्मित की जा रही है।

- उपयोग में ली जा रही निर्माण सामग्री अत्यंत घटिया स्तर की पाई गई, साथ ही निर्माण कार्य भी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं मिला
- विधायक ने मौके पर ही रूडसिको के अधिकारियों को फटकार लगाई और कलैक्टर को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया

निरीक्षण के दौरान विधायक को मौके पर निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं मिली। उपयोग में ली जा रही निर्माण सामग्री अत्यंत घटिया स्तर की पाई गई, साथ ही निर्माण कार्य भी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया। इस पर विधायक ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। विधायक डॉ. बैरवा ने मौके पर ही रूडसिको के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और जिला कलैक्टर, भीलवाड़ा को दूरभाष के माध्यम से स्थिति से अवगत कराते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से खेल अकादमी बनाई जा रही है, लेकिन घटिया निर्माण कार्य से उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही किया जाए।

शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने निर्माणाधीन खेल अकादमी का औचक निरीक्षण किया।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा और जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सख्ती से निगरानी रखी जाएगी।

अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

नाल, (निसं)। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत नाल पुलिस थाना ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो आरोपियों को अफीम सहित गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 83.87 ग्राम अफीम बरामद की। परिवहन में प्रयुक्त क्रेटा कार भी जब्त की है।

यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश और पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावाके निर्देशन में

- नाल पुलिस ने 83.87 ग्राम अफीम बरामद की

की गई। 'ऑपरेशन नीलकंठ' अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) चक्रवर्ती सिंह राठौड़ और वृत्ताधिकारी गंगाशहर हिमांशु शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी नाल विकास बिश्नोई के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। एएनटीएफ से मिली सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने नाल बाइपास पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक क्रेटा कार को रुकवाकर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में आरोपी सोमदत्त (27) पुत्र रामचन्द्र, निवासी चक 60 एलएनपी रिड़मलसर, थाना घमुड़वाली, जिला श्रीगंगानगर, और इन्द्राज (30) पुत्र श्रवण कुमार, निवासी चक 70 एलएनपी, थाना घमुड़वाली, जिला श्रीगंगानगर के कब्जे से 83.87 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकरण की जांच गंगाशहर थाने के उप निरीक्षक हेतराम को सौंपी गई है। इस कार्रवाई में पुलिस टीम के सदस्य महेन्द्र सिंह, इन्दुबाला, पवन कुमार और दिनेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

घड़साना में जमीन विवाद में फायरिंग, दो भाई घायल

अनूपगढ़, (निसं)। घड़साना क्षेत्र के गांव 24 एएस में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग और धारदार हथियारों से हमला किया। घटना में खेत में काम कर रहे दो सगे भाई घायल हो गए, जिन्हें घड़साना के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल अब्दुल अजीज ने बताया कि वह अपने भाई अमजद के साथ खेत में जुताई कर रहे थे। तभी 15-20 लोग गाड़ियों में सवार होकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आते ही लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान फायरिंग भी की गई, जिसमें अब्दुल अजीज की पीठ पर छर्रे लगे। अमजद के सिर में भी गंभीर चोट आई है।

- अचानक हमला और फायरिंग करने के बाद दूसरे पक्ष के लोग मौके से फरार हो गए
- घायल अमजद ने आरोप लगाया कि फायरिंग की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से पहुंची

अमजद खान ने बताया कि हमलावरों में राजेंद्र, उसका भाई विनोद, बेटा राहुल, बनवारी ज्याणी और राजदीप सहित अन्य लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अचानक हमला किया और फायरिंग के बाद मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अमजद ने आरोप लगाया कि फायरिंग की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस देर से मौके पर पहुंची।

सूचना मिलने पर एसएचओ देवीलाल सहारण पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि घायलों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

विद्युत करंट से दस मवेशी मरे

छबड़ा, (निसं)। क्षेत्र की गुगोर ग्राम पंचायत के गांव खेड़ली में विद्युत करंट की चपेट में आने से लगभग 10 गाय व भैंसों की मृत्यु हो गई। ग्रामीण देवेंद्रसिंह खारोल ने बताया कि खेड़ली के माल में बिजली का तार टूटकर गिरने से पशुपालक राजेंद्रसिंह खारोल की 4 भैंसें, रघुवीर की एक भैंस और एक गाय तथा हंसराज मीणा की 2 भैंसें और राधेश्याम खारोल की 1 गाय व 1 बछड़े मृत्यु हो गई। पीड़ित पशुपालकों ने प्रशासन से जर्जर विद्युत लाइनों को दुरुस्त करवाने व उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। सरपंच (प्रशासक) राजेंद्र खारोल ने इस कृत्य पर बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवालियां निशान उठाये हैं। घटना की सूचना मिलने के साथ ही तहसीलदार यादवेंद्र यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम करवाया।

अलवर शिशु चिकित्सालय में बदहाली, एक बेड पर दो-तीन मासूम भर्ती

अस्पताल के सामान्य वार्ड में बेड की भारी कमी बनी हुई है

अलवर, (निसं)। राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई है। अस्पताल के सामान्य वार्ड में बेड की भारी कमी के चलते एक बेड पर दो से तीन शिशुओं को भर्ती करने की मजबूरी बनी हुई है। उमस, गर्मी और दुर्गंध के बीच जारी इस उपचार ने मरीजों और उनके परिजनों की पीड़ा को दोगुना कर दिया है।

- आर्थिक रूप से कमजोर कई परिजन बेड न मिलने के कारण अपने बीमार बच्चों को निजी अस्पतालों में ले जाने को मजबूर हैं

अलवर के राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय में एक बेड पर दो-दो बच्चों का उपचार किया जा रहा है।

शिशु चिकित्सालय में इन दिनों मरीजों का हाल बेहाल है। इस स्थिति के कारण न तो परिजन ठीक से खड़े हो पा रहे हैं और न ही चिकित्सा स्टाफ शिशुओं की समुचित निगरानी कर पा रहा है। उमस और दुर्गंध के बीच यह उपचार किसी यातना से कम नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर कई परिजन बेड न मिलने के कारण अपने बीमार बच्चों को निजी अस्पतालों में ले जाने को मजबूर हैं, जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अस्पताल के सामान्य वार्ड में आधिकारिक रूप से 22 बेड स्वीकृत हैं, जिनमें 20 बेड अतिरिक्त जोड़कर 42 बेड की व्यवस्था थी। हालांकि, पीडब्ल्यूडी द्वारा 20 बेड वाले जर्जर वार्ड को कंडम घोषित करने के बाद से अब मरीजों को केवल 32 बेड ही मिल पा रहे हैं, जबकि भर्ती होने वाले शिशुओं की संख्या अक्सर 50 के पार पहुंच जाती है। आलम यह है कि शाम होते-होते प्रत्येक बेड पर दो-तीन बच्चे भर्ती नजर आते हैं।

बदमाशों ने युवक पर हमला किया

डूंगरपुर, (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के चुंडावाड़ा गांव में एक शादी समारोह के दौरान बैल ढूंढने गए एक युवक पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक की पीठ पर गहरा घाव लगा है। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार, चुंडावाड़ा निवासी पंकज बलात अपने ही गांव में एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। शादी की रस्में चल रही थी, तभी अचानक एक बैल खूंटे से रस्सी तुड़ाकर भाग निकला। बैल को पकड़ने के लिए गांव के कई लोग पीछे दौड़े, जिनमें पंकज भी शामिल था। बैल की तलाश करते समय रास्ते में गांव के ही कुछ अज्ञात बदमाशों ने पंकज को घेर लिया। बदमाशों ने पहले युवक के साथ लात-घूसों से मारपीट की और फिर अचानक उसकी पीठ पर चाकू से वार कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

अलवर के नंगली राजावत में गरीब परिवार पर दबंगों ने अत्याचार किया

अलवर, (निसं)। जिले के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगली राजावत गांव में एक गरीब परिवार पर दबंगों द्वारा अत्याचार का मामला सामने आया है। यहां भूमाफिया द्वारा जमीन कब्जाने की नीयत से एक परिवार का घर जलाने, मारपीट करने और उन्हें बेघर करने का आरोप लगा है। घटना के विरोध में रविवार को भीम आर्मी और समाज के लोगों ने मालाखेड़ा थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

- घटना के विरोध में भीम आर्मी और समाज के लोगों ने मालाखेड़ा थाने का घेराव कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की

पीड़ित मेहरा सिंह वाल्मीकि ने बताया कि मालाखेड़ा निवासी नेकीराम चौधरी लंबे समय से उनकी करीब 5 बीघा जमीन पर कब्जा करने का दबाव बना रहा था। जब परिवार ने जमीन देने से इनकार किया, तो 15 अप्रैल की रात आरोपी कई गाड़ियों में गुंडों को लेकर गांव पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने घर में आग लगा दी, हवाई फायरिंग की और परिवार के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, बंदूक की नोक पर जबरन एग्रीमेंट पर साइन करवा लिए और परिवार को घर व जमीन से बेदखल कर दिया। पीड़ित का यह भी कहना है कि घटना के बाद भी आरोपी का आतंक जारी है। शनिवार रात को भी वह दोबारा आया और मारपीट करते हुए हवाई फायरिंग की। साथ ही धमकी दी कि पुलिस उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती और कोई भी कार्रवाई नहीं होगी।

घटना से आक्रोशित होकर रविवार दोपहर भीम आर्मी के कार्यकर्ता और समाज के लोग बड़ी संख्या में मालाखेड़ा थाने पहुंचे और घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मामले में लापरवाही बरतने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। इस दौरान एडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सबसे पहले पीड़ित परिवार को रहने के लिए तत्काल आवास उपलब्ध कराया जाए और खाने-पीने की व्यवस्था की जाए। साथ ही आरोपी भूमाफिया के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो भीम आर्मी और समाज के लोग उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है, लेकिन अभी तक किसी ठोस कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो पाई है।

निवाई : गौ तस्करी का फरार आरोपी आगरा से गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। निवाई थाना पुलिस ने गौ तस्करी में 4 माह से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को आगरा, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि डीवाईएसपी रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में गठित पुलिस टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक रमेशचंद, हैड कानि. रामफूल व कानि. गजेंद्र प्रसाद ने पशुओं के प्रति क्रूरता के निवारण अधिनियम 1960 में करीब चार माह से फरार आरोपी सद्दाम पुत्र इरशाद निवासी लोहा मंडी आगरा उत्तर प्रदेश को तकनीकी सहायता से दबिश देकर गिरफ्तार किया।

श्रीगंगानगर में तीन जगह से मादक पदार्थ जब्त, चार गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। 'ऑपरेशन सीमा संकल्प' के तहत श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने लगातार तीसरे दिन भी नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की है। तीन अलग-अलग थानों की टीमों ने मिलकर 759 ग्राम हेरोइन, 2 किलो 14 ग्राम गांजा, 11 किलो 100 ग्राम डोडा-पोस्त और 24 ग्राम अफीम बरामद की। ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया। वहीं चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

- 759 ग्राम हेरोइन, 2 किलो गांजा, 11 किलो डोडा-पोस्त और 24 ग्राम अफीम बरामद की

एसपी हरी शंकर ने बताया कि युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मेडिकेटेड नशा और मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए थाना समेजाकोठी, सदर श्रीगंगानगर, घमूडवाली और राजियासर की टीमों ने सूचनाओं के आधार पर गश्त और नाकाबंदी के दौरान ये कार्रवाइयां की हैं। घमूड़वाली थाना पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है।

सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ टीम के साथ गश्त के दौरान भट्टा कॉलोनी इलाके में आरोपी सुजन कुमार निवासी समस्तीपुर (बिहार) को पकड़ा है। उसके कब्जे से 2 किलो 14 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। राजियासर थाना पुलिस ने विजयनगर फांटा रोड एनएच-62 पर गश्त करते हुए आरोपी हरविन्द्र सिंह उर्फ पप्पू, निवासी फिरोजपुर (पंजाब) को पकड़ा है। उसके पास से 11 किलो 100 ग्राम डोडा3-पोस्त बरामद हुआ है।

घमूड़वाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते सड़क आम रोही 60 एलएनपी पर नाकाबंदी के दौरान दो युवकों को पकड़ा। थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि आरोपी अनिल निवासी सरदारपुरा बीका (सूरतगढ़) और साहबराम उर्फ साहिल, निवासी 64 एलएनपी (घमूडवाली) के कब्जे से 24 ग्राम अफीम बरामद हुई। नशीले पदार्थों के परिवहन में इस्तेमाल स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया गया।

बीकानेर स्थापना दिवस पर 18 विभूतियां सम्मानित

बीकानेर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं राव बीकाजी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बीकानेर के 539वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक समृद्धि और विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास उपस्थित रहे। उनके साथ संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, महानिदेशक पुलिस ओमप्रकाश, जिला कलैक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, राजवीर सिंह चलकोई एवं के.पी. सिंह सिसोदिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा ने की, जबकि विद्या सागर आचार्य की विशेष उपस्थिति रही।

जिला प्रशासन एवं राव बीकाजी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बीकानेर के 539वें स्थापना दिवस के अवसर पर कई विभूतियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बीकानेर के इतिहास को स्वर्णिम बताते हुए यहां की समृद्ध कला, संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों की सराहना की। उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों पर भी विचार व्यक्त करते हुए नागरिकों से अपील की कि वे बीकानेर के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। समारोह की शुरुआत राव बीकाजी प्रतिमा परिसर, जूनागढ़ स्थित प्रतिमा पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पारंपरिक पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वागत उद्बोधन कमल रंगा ने दिया, जबकि संस्था की पांच दिवसीय गतिविधियों की जानकारी नरेंद्र सिंह स्याणी द्वारा प्रस्तुत की गई।

राव बीकाजी संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर बीकानेर का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाले 18 विशिष्ट व्यक्तित्वों एवं एक संस्था को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ. सोनू शिवा को श्री करणी माता अवॉर्ड, रमेश महर्षि को राव बीदा अवॉर्ड, बृजमोहन आचार्य को राव बेलोजी पड़िहार अवॉर्ड, चित्रकार योगेंद्र कुमार पुरोहित को महाराजा अनूप सिंह अवॉर्ड, साहित्यकार एवं उद्घोषक प्रमोद कुमार शर्मा को जनकवि बुलाकी दास बावरा गीतकार अवॉर्ड, साहित्यकार रवि शुक्ल को पंडित विद्याधर शास्त्री अवॉर्ड, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली को महाराजा रायसिंह अवॉर्ड, रम्मत कलाकार कृष्ण कुमार बिस्सा को पीर गोविंददास अवॉर्ड, शिक्षाविद डॉ. मेघना शर्मा को राजमाता सुशीला कुमारी स्मृति अवॉर्ड, कवयित्री रजनी छाबड़ा, रफीक राजा और डॉ. बीबीएस कपूर को बीकाणा अवॉर्ड, निशानेबाज श्रद्धा सिंह परमार को महाराजा करणी सिंह अवॉर्ड, फोटो जर्नलिस्ट नौशाद अली को राव बीका अवॉर्ड, उद्योगपति विनोद बाफना को महाराजा गंगासिंह अवॉर्ड, रंगकर्मी रमेश शर्मा को अज़ीज़ आजाद स्मृति अवॉर्ड, युवा साहित्यकार पुनीत रंगा को ठाकुर सूरजमाल सिंह चलकोई राजस्थानी प्रोत्साहन अवॉर्ड तथा 'अपना घर आश्रम' को देश दीवान राव दुलेसिंह बीदावत अवॉर्ड दिया गया।

- कार्यक्रम में शहर की गौरवशाली विरासत, सांस्कृतिक समृद्धि और विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया
- कार्यक्रम में बीकानेर के इतिहास को स्वर्णिम बताते हुए यहां की समृद्ध कला, संस्कृति, और रीति-रिवाजों की सराहना की गई

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली युवा प्रतिभाओं को भी सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजेंद्र जोशी, रामलाल सोलंकी, इरशाद अज़ीज़, आत्माराम भाटी, डॉ. पवन दाधीच, अभिषेक आचार्य, डॉ. मोहम्मद फारूक चौहान, अजीज भुट्टा एवं रामसहाय हर्ष सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित द्वारा किया गया। उन्होंने बीकानेर के इतिहास और राव बीकाजी के जीवन वृत्त के बारे में बताया। इस दौरान शहर के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहे।